राष्ट्रीय पाठ्यचर्या का बदला स्वरूप

# कथा मार्ग


## रचनात्मक शिक्षण के लिए विशेष साधन

(NCERT पाठ्यक्रम पर आधारित)

कक्षा 2 ट्राईमेस्टर 3

संकल्पना

गीता धर्मराजन



## इस मॉड्यूल में प्रत्येक विषय के टॉपिक को जोड़ा गया है।

पाठ को सरल बनाने के लिये मॉड्यूल में कई बातें दी गई हैं जैसे - देखो, पढ़ो, सुनो, लिखो, खेलो, करो, दिखाओ, सोचो-समझो और बूझो आदि, जो कि पाठ पर आधारित हैं। इनमें लिखी गई बातों को बच्चे स्वयं देखेंगे, सोचेंगे, लिखेंगे एवं खेलेंगे यानि वह कार्य को स्वयं करेंगे। ये मॉड्यूल दिशा निर्देश देने का भी कार्य करते हैं।

अध्ययन के निष्कर्ष (Learning Outcomes) सारांशित करते हैं कि बच्चे क्या सीखते हैं व किस जानकारी को प्रदर्शित करते हैं। इस से अध्यापक को बच्चों की प्रगति का मूल्यांकन करने एवं उनकी समझ का आंकलन करने में मदद मिलेगी।

प्रत्येक मॉड्यूल में पाठ में आए कठिन शब्द (Key words) दिए गए हैं, जिससे अध्यापक बच्चों को कठिन शब्दों का उच्चारण तथा अर्थ बता सकेंगे एवं उनको पढ़ना-लिखना सिखा सकेंगे। इसके द्वारा बच्चों के शब्दकोष में बढ़ोत्तरी होगी।

प्रत्येक मॉड्यूल के अंत में पाठ को रूचिपूर्ण बनाने के लिए क्रियाकलाप दिए गए हैं जो पाठ को सुगम बनाने में अध्यापक के लिए मददगार साबित होंगे।

राष्ट्रीय पाठ्यचर्या का बदला स्वरूप

# कथा मार्ग

## रचनात्मक शिक्षण के लिए विशेष साधन

कक्षा 2 ट्राईमेस्टर 3

इस पाठ्यक्रम की संकल्पना कथा की संस्थापक व निदेशक गीता धर्मराजन द्वारा की गई है।

# Logical Frame Work

CLASS IInd (IIIrd Trimester)

STEP III

| Trimester | No. of days | No. of Lesson Plans Hindi | Maths | No. of Lesson Plans |
|---|---|---|---|---|
| IIIrd | 40 days<br>160 hrs.<br>04 hrs. Per day | 6 Lessons<br>• बस के नीचे<br>• तेंदुए की खबर<br>• बाघ का बच्चा<br>• सूरज जल्दी आना जी<br>• नटखट चूहा<br>• एक्की - दुक्की | 5 Lessons<br>• रेखाएँ ही रेखाएँ<br>• लेना और देना<br>• सबसे लम्बा कदम<br>• आते पक्षी जाते पक्षी<br>• कितनी चोटी हैं ? | 8 |

# Learning the Katha Way !

| Module | Topic | Method | Learning outcome | Module | Topic | Method | Learning outcome |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रिमझिम हिन्दी पेज न. 70-75 | बस के नीचे बाघ | • गोंड कला का<br>• प्रयोग से चित्र<br>• अनुभव बाँटना<br>• नाटक<br>• Visit<br>• | • विभिन्न प्रकार के जंगलों के बारे में जान सकेंगे।<br>• जंगल और जंगली जानवरों के संरक्षण की उपयोगिता को समझ पायेंगे।<br>• बाघ की प्रजातियों के बारे में जान सकेंगे।<br>• बस के अलग-अलग भागों को जानकर उनका प्रयोग करना सीख सकेंगे।<br>• चालक और परिचालक यातायात के नियमों के बारे में जान सकेंगे। | गणित का जादू पेज न. 84-89 | रेखाएँ ही रेखाएँ | • तीलियों की सहायता<br>• हाथ घुमाओ रेखाएँ बनाओ<br>• ड्राइंग | • आढ़ी-तिरछी रेखाएँ खींचकर चित्र बना सकेंगे।<br>• खड़ी, टेढ़ी और लेटी रेखाओं से परिचित हो सकेंगे।<br>• रेखाओं का प्रयोग करके रंगोली बनाना सीख सकेंगे<br>• रेखाओं द्वारा चित्र कहानी बना सकेंगे। |
| पेज न. 76-78 | तेंदुए की खबर | • न्यूज पेपर<br>• कोलाज<br>• पैराग्राफ लिखना<br>• कहानी बनाना<br>• देखो जानो समझो | • घटना और कहानी में अंतर जान सकेंगे।<br>• फायर-ब्रिगेड आपात कालीन परिस्थितियों से निपटने के लिये उसके तरीके जान पायेंगे।<br>• एक दूसरे के लिये मदद करेंगे।<br>• तेंदुआ और बाघ में अंतर समझ कर पहचान कर सकेंगे। | पेज न. 90-97 | लेना और देना | • दुकान के खेल द्वारा<br>• मोती की माला (मिट्टी से बनाकर) | • बेचने और खरीदने की प्रक्रिया समझकर प्रयोग कर सकेंगे।<br>• सामानों पर लिखे मूल्यों को पढ़कर खरीदना सीखेंगे<br>• संख्याओं को चित्रों से मिलान करना सीख सकेंगे<br>• |
| पेज न. 79-80 | बाघ का बच्चा | • कविता/कहानी द्वारा<br>• चित्र कार्ड<br>• शेर और बकरी खेल<br>• वर्क शीट | • जानवरों के अंगो की विशेषताएँ समझ सकेंगे<br>• सही उच्चारण के साथ कहानी कविता सुना सकेंगे | पेज न. 98-103 | अभ्यास का समय | • कहानी<br>• गणित वर्ग पहेली (संख्या ढूंढो)<br>• पहेलियाँ | • इबारती सवालों को हल करना सीख सकेंगे।<br>• मौखिक और हासिल लेकर जमा-घटा करना सीख सकेंगे। |

# Learning the Katha Way !

| Module | Topic | Method | Learning outcome | Module | Topic | Method | Learning outcome |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रिमझिम पेज नं. 79-80 | बाघ का बच्चा | | • आधे शब्दों की ध्वनि पहचान कर उच्चारण करना सीख सकेंगे। • बाघों की संख्या और उनके पाये जाने वाले स्थानों के बारे में जानेंगे। | | | | |
| पेज नं. 81-84 | सूरज जल्दी आना जी | • कविता • चित्र कहानी | • धूप से मिलने वाले फायदे और नुकसान के बारे में जान सकेंगे। • पर्यायवाची शब्दों के बारे में जान सकेंगे। • कुहासा, बारिश शब्दों का अर्थ समझ सकेंगे। • पेड़-पौधे और मानव एक दूसरे के पूरक कैसे जान सकेंगे। • बारिश के फायदे और नुकसान के बारे में जानेंगे | पेज नं. 104-110 | सबसे लंबा कदम | • इंचटेप द्वारा • तराजू खेल | • दूरी नापने का तरीका सीख सकेंगे। • हल्की-भारी वस्तुओं को तौलकर अंतर जान सकेंगे। • अंदाजा लगाकर नापना सीख सकेंगे। • नापने के विभिन्न मापन इकाई के बारे में जान सकेंगे। |
| पेज नं. 85-92 | नटखट चूहा | • नाटक • विवादम • वर्क शीट • पर्ची खेल (राजा, मंत्री, चोर, सिपाही) | • सूती, ऊनी, रेशमी वस्त्रों में अंतर कर पायेंगे • दर्जी के काम के बारे में जान सकेंगे। • राजा, मंत्री के काम के बारे में जान सकेंगे। | पेज नं. 111-115 | आते पक्षी जाते पक्षी | • कहानी • वर्क शीट • क्राफ्ट | • प्रवासी पक्षियों की संख्या गिनकर हर साल आने वाले पक्षियों में अंतर कर सकेंगे। • दो अंकों का जमा-घटा करना सीख सकेंगे। • दहाई लेकर घटा करना सीख सकेंगे। |

# Learning the Katha Way!

| Module | Topic | Method | Learning outcome | Module | Topic | Method | Learning outcome |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रिमझिम पेज न. 93-95 | कहानी से (नटखट चूहा) | • कठपुतली<br>• वर्क शीट | • चूहे से फैलने वाली बीमारी के बारे में जान सकेंगे।<br>• बढ़ई, दर्जी, कुम्हार, किसान के कार्यों में अंतर जान सकेंगे।<br>• र के अलग-अलग रूप जानकर प्रयोग करना सीखेंगे। | गणित का जादू पेज न. 116-123 | अभ्यास का समय | • नाटक<br>• फ्लैश कार्ड<br>• वर्क शीट | • कम और ज्यादा में अंतर समझ सकेंगे।<br>• बसों पर लिखे नम्बरों को पढ़ सकेंगे।<br>• संख्याओं को अंकों और शब्दों में लिख सकेंगे |
| पेज न. 96-101 | • एक्की-दुक्की | • कहानी सुनना<br>• खेल<br>• मॉडल बनाना | • पेड़, झाड़ी, बेल में अंतर समझ सकेंगे।<br>• आवाजों की पहचान कर अंतर कर सकेंगे।<br>• दूध देने वाले जानवरों के महत्व को समझ सकेंगे।<br>• गाँव और शहर के घर की भिन्नता के बारे में जान सकेंगे। | पेज न. 124-126 | कितनी चोटी हैं? | • नाम लिखो गिनकर संख्या बताओ<br>• मापन यंत्र बनाना | • शब्दों में आये अक्षरों को गिनकर संख्याओं में लिखना सीख सकेंगे।<br>• द्रव्यों को नापने के पैमाने को जानकर नापना सीख सकेंगे।<br>• पृथ्वी पर हमारे शरीर में पानी की मात्रा को जान सकेंगे। |
| पेज न. 102-104 | कहानी से (एक्की-दोक्की) | • ड्राइंग<br>• पर्ची गेम<br>• प्रयोग | • डिजाइन बनाने के अलग-अलग तरीके सीख सकेंगे<br>• शब्दों का अर्थ समझ कर प्रयोग कर सकेंगे।<br>• रंग फीके पड़ने का कारण जान सकेंगे।<br>• मेंहदी के उपयोग के बारे में जान सकेंगे।<br>• पत्तों व फूलों से रंग बनाना सीख सकेंगे। | पेज न. 127-128 | पता लगाओ | • प्रयोग द्वारा<br>• Quiz Game<br>• तालिका बनाना | • चीजों को मापने की क्रिया को जान सकेंगे<br>• मौखिक उत्तर निकालने में निपुण होंगे।<br>• पसंद ना पसंद की गणितीय तालिका बनाना सीख सकेंगे। |

# कथा मार्ग

NCERT

रिमझिम पेज नं. 70-75
गणित का जादू पेज नं. 84-89
सुपद एक्टीविटी

## दिखाओ

- विभिन्न चीजों से रेखाएँ खींचकर
- अधूरी कहानी को पूरा करके
- छिपने, डरने का नाटक करके,
- आड़ी-तिरछी रेखाओं से संख्याएँ बनाकर
- बाघ का चित्र
- गोंड कला का चित्र
- अपनी दिनचर्या पर नाटक करके
- नाच की मुद्राएँ बनाकर

## सोचो-समझो

- बिना टिकट बस में यात्रा करना

## देखो

- जानवरों के चित्र
- विभिन्न प्रकार की रंगोली
- विभिन्न प्रकार के वाहन
- कक्षा में लगी तस्वीरें
- आर-पार देखी जा सकने वाली चीजें

# कथा मार्ग

NCERT

रिमझिम पेज न. 70-75
गणित का जादू पेज न. 84-89
सुपद एक्टीविटी

## लिखो

- डरावनी चीजों के नाम
- दो पीहया, तीन पीहया व चार पीहयों वाले वाहनों के नाम
- जीव जंतुओ की विशेषताएँ
- पशु-पीक्षयों की मदद करने के तरीके
- वाहनों पर चढ़ते उतरते समय बरती जाने वाली सावधीनयाँ
- वाहनों पर लिखे निर्देश

## पढ़ो

- पशु-पीक्षयों के नाम
- विभिन्न आकृतियों के नाम
- तीलियों से लिखी संख्याएँ
- रंगोली बनाने के तरीके
- सड़क के नियमों से संबंधित जानकारियाँ
- गोंड कला की विशेषताएँ

# कथा मार्ग

NCERT

रिमझिम पेज नं. 70-75
गणित का जादू पेज नं. 84-89
सुपद एक्टीविटी

## Learning outcome:

• जंगल के महत्व को जान सकेंगे। • जीव-जंतुओ की मदद करने के तरीको के बारे मे जान पायेंगे। • विभिन्न प्रकार के वाहनों के नामों से परिचित होंगे। • यातायात के नियमों का पालन करना सीख सकेंगे। • आड़ी तिरछी व सीधी रेखाओं की संख्या से संख्याएँ लिखनी सीख सकेंगे। • गौंड़ कला से चित्रों को बनाना सीख सकेंगे। • रंगोली बनाना सीख पायेंगे। • रंगो का सही चयन करने की क्षमता विकसित होगी। • क्षेत्रीय चित्रकला के प्रति रुचि बढ़ेगी।

## Key words:

सीढ़ी, घर्र-घर्र, दाहिना, दुबकना, काँपना, लड़खड़ाना, अंताक्षरी, मुद्राएँ, जिज्ञासा, तस्वीर, इकट्ठा।

## Milestones:

### Activity: गौंड़ कला के चित्र

• क्षेत्रीय चित्रकला के प्रति रुचि बढ़ेगी। • आड़ी-तिरछी रेखाओं व विभिन्न ज्यामितीय आकृतियों का प्रयोग करते हुये चित्र बनाना सीख सकेंगे। • क्षेत्रीय चित्रकला को विकसित करने का प्रयास करेंगे। • सृजनात्मक कला का विकास कर सकेंगे।

### Activity: अनुभव बाँटना

• अपनी बात को आत्मविश्वास के साथ कह पाना। • दूसरों के अनुभवों को ध्यान से सुनना। • अनुभवों से सीखकर उसे अपने जीवन में ढाल सकेंगे।

### Activity: Role Play

• चरित्रों की भूमिका को सही ढंग से निभाना सीख सकेंगे। • संवादो को सही उच्चारण के साथ बोल पायेंगे। • बिना झिझक बात करने का हुनर विकसित हो सकेगा।

### Activity: Visit Zoo

• विभिन्न जंगली जानवरों के नाम जान पायेंगे। • बिल्ली जाति के जानवरों की बनावट और उनमें अंतर को जान पायेंगे। (जैसे-बिल्ली, शेर, बाघ) • जानवरों के खुश होने व डरने के हाव-भाव को देखकर समझ सकेंगे।

### Activity: रंगोली बनाना

• विभिन्न डिजाइनों को बनाना सीख सकेंगे। • रंगो के नाम जान पायेंगे। • रंगो का सही चयन करके उन्हें भरना सीख सकेंगे। • तरह-तरह के डिजाइन बनाना सीख सकेंगे।

### Activity: ड्राइंग

• आँखो व हाथो में संतुलन बनाना सीख पायेंगे। • विभिन्न ज्यामितीय आकृतियों का प्रयोग करते हुये चित्र बनाना सीख सकेंगे। • अपनी कल्पनाओं को चित्रों द्वारा प्रदर्शित करने की क्षमता का विकास हो पायेगा।

# कथामार्ग

NCERT

रिमझिम पेज नं. 76 - 78
गणित का जादू पेज नं. ९०-९७
सुपद एक्टीविटी

## लिखो

- तेंदुए और बाघ में अंतर
- अपनी यादगार घटना
- उल्टी व सीधी गिनती (१-९९)
- जानवरों की विशेषताएँ
- जानवरों के बच्चों की देखभाल के तरीके

## दिखाओ

- सीतियों से माला बनाकर
- तराजू बनाकर सामान तौलकर
- पूरे महीने का कैलेण्डर
- पोस्ट कार्ड बनाकर
- जानवरों के बच्चों के चित्रों को एकत्र करके

## पढ़ो

- वस्तुओं पर लिखे मूल्य
- अखबार में छपी खबरें
- पशु-पक्षियों की मदद करने के तरीके
- फायर-ब्रिगेड व एम्बुलेंस के नम्बर व कार्य

## सोचो

- जानवरों को जंगल में व पिंजरे में बंद रखना

## देखो

- कैलेण्डर में लिखे दिन, महीने और तारीख
- लाठी और कुल्हाड़ी में अंतर
- सामानों से सजी दुकानें
- टी.वी. मोबाइल, पत्र, पत्रिका व अखबार में अंतर

# कथा मार्ग

NCERT

रिमझिम पेज नं. 76 - 78
गणित का जादू पेज नं. 90 - 97
सुपद एक्टीविटी

## Learning out come :

• घटना व कहानी में अंतर जान पायेंगे। • समुदाय के सहायक फायर ब्रिगेड (101), पुलिस (100), एम्बुलेंस (102) को पढ़ना - लिखना तथा इनके बारे में समुदाय के लोगों को बता सकेंगे। तथा
• एक दूसरे की मदद करना सीखेंगे। • बाघ और तेंदुए में अंतर करना सीख सकेंगे।
• कैलेण्डर पढ़ने व बनाने का कौशल विकसित होगा। • छोटे - छोटे व सरल वाक्यों में लेख लिखने का हुनर विकसित होगा।

## Key words :

तेंदुए, कुल्हाड़ी, बोरीवली, फायर ब्रिगेड, डाक्टर, पिंजरे, मालाएँ, मोतियों, किन्नारी, सामग्री, अभ्यास।

## Milestones :

### Activity : न्यूज पेपर कोलार्ज

• अखबार को ध्यान से देखने व पढ़ने की कोशिश कर पायेंगे। • अखबार से पर्यावरण संबंधी खबरों को ढूंढ पायेंगे। • जानवरों के संरक्षण के लिये किये जा रहे प्रयासों के बारे में जान सकेंगे। • एकत्र की गई कटिंग्स को सफाई से चिपका सकेंगे।

### Activity : पैराग्राफ लिखना

• अपने विचारों को सरल शब्दों में लिख सकेंगे। • नये - नये शब्दों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।

### Activity : देखो जानो व समझो

• चीजों को ध्यान पूर्वक देखना सीखेंगे। • विभिन्न चीजों की विशेषताओं व उनके उपयोग व महत्व को जान सकेंगे। • बेझिझक अपने विचार व्यक्त कर सकेंगे। • सही व गलत का फैसला करने की समझ विकसित होगी।

### Activity : Clay Modeling

• मिट्टी से नई - नई आकृतियाँ बनाना सीख सकेंगे। • बच्चों की हाथ की मांस पेशियाँ मजबूत होंगी। • अपनी कल्पनाओं को मूर्त रूप दे पायेंगे (जैसे - जानवरों, पिंजरा, पेड़ - पौधों तथा मोतियों) • मोतियों से माला बनाकर गिनती सीख सकेंगे।

# कथा मार्ग

NCERT

रिमझिम पेज नं. 79-80
गणित का जादू पेज नं. 98-103
सुपद एक्टीविटी

## करो दिखाओ

- कीवता और कहानी
- पशु-पीक्षयों की बोली की नकल
- रास्ते में कूदते फाँदते हुये चलकर
- वस्तुओं की सूची
- वस्तुओं के मूल्य को जोड़कर

## सोचो

- अपने आस-पास कम होते पशु पीक्षयों की मदद के तरीके
- कैंटीन व ढाबे पर काम करते छोटे बच्चों के बारे में

## देखो

- कच्चे पक्के रास्ते
- अपने आस-पास खेलते-कूदते पशु-पक्षी
- कहानी व कीवता की किताबें
- बैग में रखा सामान
- रुपये व पैसे

# कथा मार्ग

NCERT

रिमझिम पेज न. 79-80
गणित का जादू पेज न. 98-103
सुपद एक्टीविटी

## पढ़ो

- पशु-पक्षियों पर लिखे लेख
- पशु-पक्षियों के बच्चों की विशेषताएँ
- कच्चे-पक्के रास्ते के लाभ व हानि
- वस्तुओं के बनने व प्रयोग करने की अंतिम तिथि
- दुकान पर लगी वस्तुओं के मूल्य की सूची

## पूछो

- वस्तुओं के मूल्य
- पहेलियाँ
- बाघ के कम होने के कारण
- संख्याओं की मौखिक जमा घटा

## लिखो

- कविता
- नेशनल पार्क के नाम व उनकी संख्या
- बहादुर बच्चों के कारनामे
- अपने आस-पास की चीजों के नाम व उनकी संख्या
- हासिल वाली जमा घटा

# कथा मार्ग

NCERT

**रिमझिम पेज नं. 79-80**
**गणित का जादू पेज नं. 98-103**
**सुपद एक्टीविटी**

## Learning outcome:

• सही उच्चारण व लय के साथ कहानी व कविता सुना पायेंगे। • जानवरों की विशेषताओं को जानकर उनकी पहचान कर सकेंगे। • कैंटीन व बाजार में अंतर कर पायेंगे। • कच्चे व पक्के रास्ते के लाभ व हानि के बारे में बता सकेंगे। • प्रश्नों का सोच-समझकर उत्तर देने की क्षमता का विकास होगा। • कठिन व आधे अक्षर वाले शब्दों की ध्वनियों व उनको सही करना सीख सकेंगे। • बाघ को बचाने के उपायों के बारे में जानकर उन्हें लिख पायेंगे।

## Key words:

सुस्ताता, अड़ाता, गुर्राता, फंदूश, गृहकार्य, कंचे, चूड़ियाँ।

## Milestones:

### Activity: कविता और कहानी

• नये-नये शब्दों की जानकारी प्राप्त कर पायेंगे। • तुकबंदी वाले शब्दों का प्रयोग करना सीखेंगे। • लयबद्ध तरीके से शुद्ध उच्चारण करना सीख पायेंगे। • कल्पना शक्ति का विकास होगा। • कठिन शब्दों के अर्थ जानकर उनका प्रयोग करना सीख सकेंगे। • वाक्य बनाना सीखेंगे।

### Activity: चित्र कार्ड्स

• चित्र कार्ड्स से विभिन्न वस्तुओं व जीवों की पहचान करना सीख सकेंगे। • विभिन्न जीव-जन्तुओं की विशेषताओं को जान सकेंगे। • बिल्ली जाति के जानवरों में अंतर बता पायेंगे। • जानवरों व वस्तुओं की घटती-बढ़ती संख्या के बारे में बता सकेंगे।

### Activity: खेल (शेर और बकरी)

• खेल के नियमों को ध्यान से सुनेंगे। • अपनी टीम के अन्य खिलाड़ियों के साथ सहयोग करना सीख पायेंगे। • खेल के नियमों का पालन कर सकेंगे। • शाकाहारी व मांसाहारी जीव-जन्तुओं की पहचान कर पायेंगे। • जीवों की विशेषताओं को जान सकेंगे। • नियम का उल्लंघन करने पर अपनी गलती को मानना सीख पायेंगे।

### Activity: वर्कशीट

• वर्कशीट में लिखे प्रश्नों को ध्यान से पढ़कर समझ सकेंगे। • निर्धारित समय में प्रश्नों का उत्तर दे पायेंगे। • सफाई के साथ प्रश्नों के उत्तर लिख सकेंगे।

### Activity: वर्ग पहेली

• नये-नये शब्दों को बनाना सीख पायेंगे। • नई-नई संख्याओं को बनाना, घटाना, जोड़ना सीख पायेंगे। • शब्दों व संख्याओं का सही उच्चारण व लिखना सीखेंगे।

# कथा मार्ग

NCERT

रिमझिम पेज नं. 81-84
गणित का जादू पेज नं. 104-110
सुपद एक्टीविटी

## देखो

- उगते व डूबते सूरज को
- बारिश, धूप व ओस की बूँदे
- गीली व सूखी चीजें
- कक्षा में रखी छोटी व बड़ी चीजें

## पढ़ो

- कविता
- नापने के तरीके
- कठिन शब्दों के अर्थ और वाक्य
- कल्पनात्मक प्रश्न
- चारों दिशाओं के नाम
- इंचटेप पर लिखी संख्याऐं

## करो दिखाओ

- इंचटेप बनाना
- कमरे की चीजों को नाप कर
- गीली चीजों को सुखाकर
- ज फ त थ ज व फ वाले शब्दों को बोल कर (नीचे बिंदी वाले शब्द)
- चित्र कहानी बनाकर

## समझो

- पानी का उचित उपयोग
- पेड़-पौधों का महत्व

## पूछो

- धूप व बारिश से बचने के तरीके
- सूरज व चाँद की दूरी
- बरसात में कपड़ो के देर से सूखने के कारण

# कथा मार्ग

NCERT

रिमझिम पेज न॰ 81-84
गणित का जादू पेज न॰ 104-110
सुपद एक्टीविटी

## Learning outcome:

● मापने, तोलने की मापक इकाइयों के नाम जान सकेंगे। ● अंदाजा लगाकर चीजों को नाप सकेंगे। ● विभिन्न दिशाओं के नाम जान सकेंगे। ● मौसम के नाम व उनकी विशेषताओं को समझ सकेंगे। ● चित्र कहानी बनाना व पढ़ना सीख पायेंगे। ● चर्चा में अपने विचारों को बेझिझक दूसरों के सामने रख पायेंगे।

## Key words:

कुहासा, सीले, तरतरी, चूल्हा, उंगलियां, बित्ते।

## Milestones:

### Activity: कविता

● नये-नये शब्दों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। ● तुकबंदी वाले शब्दों का प्रयोग करना सीख सकेंगे। ● शब्दों का सही उच्चारण करते हुये लयबद्ध तरीके से कविता को बोल पायेंगे।

### Activity: चित्र कहानी

● चित्रों को क्रमबद्ध तरीके से लगाना सीख सकेंगे। ● विभिन्न छोटे-बड़े जानवरों व हल्की-भारी, मोटी-पतली चीजों को देखकर चित्र कहानी बनाना सीखेंगे। ● अपनी कल्पना शक्ति का विकास कर सकेंगे।

### Activity: चर्चा

● मापने तोलने के सही तरीके के बारे में जान सकेंगे। ● दूसरों की बातों को ध्यान से सुनने की क्षमता विकसित होगी। ● अपनी बात को दूसरों तक पहुँचाने की कोशिश करेंगे।

### Activity: तराजू खेल

● नापने व तोलने वाली चीजों में अंतर कर सकेंगे। ● हल्की व भारी चीजों का अंदाजा लगाना सीख सकेंगे। ● तराजू का प्रयोग करना सीख सकेंगे। ● तराजू के बाटों पर लिखी संख्याओं को पढ़ कर सीख सकेंगे। ● हल्की व भारी, छोटी व बड़ी वस्तुओं में अंतर कर पायेंगे।

### Activity: इंचटेप द्वारा

● इंचटेप पर लिखी संख्याओं को पढ़ना सीखेंगे। ● इंच व से.मी. में अंतर जान सकेंगे। ● लम्बाई और चौड़ाई का अंदाजा लगाना सीख सकेंगे। ● लम्बाई और चौड़ाई को नापने का तरीका सीख पायेंगे।

# कथा मार्ग

NCERT

रिमझिम पेज न. 85-92
गणित का जादू पेज न. 111-115
सुपद एक्टीविटी

## देखो

- अलग-अलग तरह की टोपियाँ
- नाई, दरजी, बढ़ई व कुम्हार के काम
- सूती, रेशमी कपड़े
- सुनहरे व रुपहले सितारे
- रंग-बिरंगे पक्षी व पत्ते

## सोचो

- आपकी शरारत से दूसरों को होने वाली परेशानियाँ

## पढ़ो

- कहानी
- पक्षियों के नाम व उनकी घटती बढ़ती संख्याएँ
- उपकरणों के नाम (दरजी, बजाज, बढ़ई, कुम्हार, डॉक्टर द्वारा प्रयोग किये जाने वाले
- प्रश्नोत्तर
- कठिन शब्दों के अर्थ
- दहाई वाली संख्याएँ

# कथा मार्ग

NCERT

रिमझिम पेज न. 85-92
गणित का जादू पेज न. 111-115
सुपद एक्टीविटी

## लिखो

- पक्षियों को एक जगह से दूसरी जगह जाने के कारण
- 10-10 के जोड़े बनाकर जमा-घटा
- संख्याओं को बढ़ते व घटते क्रम में
- कहानी को क्रमबद्ध तरीके से
- विभिन्न लोगों के कार्यों की विशेषताएँ
- मुहावरों के अर्थ व उनका वाक्यों में प्रयोग

## दिखाओ

- तुकबंदी करके
- राजा, चोर व सिपाही के कार्य
- 10-10 के जोड़े बनाकर
- पक्षियों के उड़ने की नकल करके

## खेलो खेल

- राजा, मंत्री, चोर, सिपाही
- कितने अंक कितने

# कथा मार्ग

NCERT

रिमझिम पेज न. 85 - 92
गणित का जादू पेज न. 111 - 115
सुपद एक्टीविटी

## Learning outcome:

• कहानी को क्रमबद्ध तरीके से बनाना, बोलना व लिखना सीख पायेंगे। • 10-10 के जोड़े बना कर लिखना सीख सकेंगे। • प्रवासी पक्षियों की घटती - बढ़ती संख्या को जान सकेंगे। • एक शब्द से अनेक शब्द व अनेक शब्दों से एक शब्द बनाना सीख सकेंगे। • विभिन्न कार्यों में प्रयोग किये जाने वाले उपकरणों के नाम जान सकेंगे। • एकवचन और बहुवचन शब्दों का वाक्यों में प्रयोग करना सीख सकेंगे।

## Key words:

दर्जी, मस्ती, कुतरूँगा, रुपहले, गद्दी, प्रवासी, नज़र, ज़ोर ।

## Milestones:

### Activity: नाटक

• संवादों का शुद्ध उच्चारण कर सकेंगे। • प्रस्तुतीकरण की क्षमता विकसित होगी। • आत्म विश्वास का विकास होगा। • आपसी सहयोग की भावना आयेगी।

### Activity: कहानी बनाना

• कल्पना शक्ति का विकास होगा। • शब्दों का सही प्रयोग करते हुये वाक्यों का गठन करना सीख सकेंगे। • अपने विचारों को कहानी में प्रकट करने की क्षमता विकसित हो सकेगी। • नये - नये शब्दों का अर्थ जानकर उन्हें वाक्यों में प्रयोग करके कहानी बनाना सीख सकेंगे।

### Activity: विवाद्म

• तर्क - वितर्क करके सही निर्णय लेना सीख पायेंगे। • अपने विचारों को बेझिझक प्रकट करने की क्षमता विकसित होगी। • समुदाय में कार्य करने वाले विभिन्न कामगारों के प्रति सम्मान की भावना विकसित हो पायेगी। • आत्म विश्वास बढ़ेगा।

### Activity: वर्कशीट

• वर्कशीट में दिये गये प्रश्नों को पढ़कर समझ सकेंगे। • निर्धारित समय में सफाई व शुद्धता के साथ प्रश्नों के उत्तर देने की क्षमता विकसित हो पायेगी।

### Activity: क्राफ्ट, खेल

• खेल के नियमों का पालन करने की आदतों का विकास होगा। • टीम में काम करने की आदत विकसित होगी। • लीडरशिप की भावना विकसित होगी। • अपनी बारी का इंतजार करते हुये खेल सकेंगे। • विभिन्न व्यवसायिक उपकरणों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। • कागज से विभिन्न प्रकार के पशु - पक्षी व व्यवसायिक उपकरण बनाना सीख पायेंगे।

SPICE

# कथा मार्ग

NCERT

रिमझिम पेज नं. 93-95
गणित का जादू पेज नं. 116-123
सुपद एक्टीविटी

## करो दिखाओ

- कहानी में आये प्रश्नों के उत्तर देकर
- उंगली व अंगूठे से चित्र बनाकर
- छोटी-बड़ी संख्याएँ पहचान कर
- स्कूल में लगे पेड़-पौधों को गिनकर
- एकवचन व बहुवचन का वाक्यों में प्रयोग

## पढ़ो

- विभिन्न जानवरों की कहानियाँ
- व्यवसायिक उपकरणों के नाम
- बस पर लिखे नम्बर
- वर्ग पहेली
- र ^ की आवाज वाले शब्द

## सोचो समझो

- खर्च का लेखा-जोखा रखने के लाभ
- सब प्रकार के व्यवसायों की आवश्यकता

# कथा मार्ग

NCERT

रिमझिम पेज न. ९३-९५
गणित का जादू पेज न. 116-123
सुपद एक्टीविटी

## लिखो

- कहानी को क्रमबद्ध ढंग से
- अपनी जेब खर्च का हिसाब
- हासिल वाले जमा घटा के सवाल
- 1-100 तक की सीधी व उलटी गिनती
- बजाज, दर्जी व राजा के काम
- कठिन शब्दों के अर्थ

## पूछो

- कक्षा में सभी बच्चों के नाम
- दहाई अंकों की मौखिक घटा जोड़
- साफ-सफाई करने के तरीके

## देखो

- बिल में रहने वाले जीव
- क्रिकेट का स्कोर
- आसपास काम करते लोग

## खेलो खेल

- किली-किली काटा
- चक्री गेम (ि, ी, े) मात्राओं का

# कथा मार्ग

NCERT

रिमझिम पेज न. 93-95
गणित का जादू पेज न. 116-123
सुपद एक्टीविटी

## Learning outcome:

• बच्चों में कल्पना शक्ति एवम् प्रश्न पूछने की क्षमता विकसित होगी। • बिल में रहने वाले जानवरों के नामों से परिचित होंगे। • चूहों से होने वाले लाभ व हानि के बारे में जानकारियाँ हासिल कर सकेंगे। • अंगूठे व उंगलियों की छाप से चित्र बनाने का कौशल विकसित होगा। • छोटी-छोटी (दहाई अंको वाली) संख्याओं को सही ढंग से बोलना व जमा-घटा करना सीख सकेंगे। • एकवचन, बहुवचन व कठिन शब्दों का अर्थ समझकर उन्हें वाक्यों में प्रयोग करना सीख पायेंगे। • विभिन्न व्यवसायों के नाम व उनके प्रति आदर की भावना बच्चों में जाग्रत होगी। • बस में लिखे नम्बर पढ़ना सीख सकेंगे। • साफ-सफाई के तरीके व उसमें प्रयोग किये जाने वाले उपकरणों के नाम व उनका प्रयोग सीखेंगे।

## Key words:

डायरी, कुम, अभिभावक, फिनाइल, कुर्सी, मोहल्ला, रसोइया, अँगूठा।

## Milestones:

### Activity: कहानी सुनाना (कठपुतली द्वारा)

• कठपुतली का प्रयोग करते हुये कहानी सुनाने की कला विकसित होगी। • विभिन्न प्रकार की कठपुतली जैसे - फिंगर पपेट्स, स्टिक पपेट्स के द्वारा कहानी सुनाने की कला विकसित होगी। • पपेट्स को काल्पनिक पात्रों का रूप देना सीखेंगे। • नये-नये शब्दों का प्रयोग करते हुये कहानी सुनाना सीख पायेंगे।

### Activity: नाटक

• विभिन्न पात्रों का अभिनय करने की क्षमता विकसित हो पायेगी। • संवादों को शुद्ध व स्पष्ट उच्चारण करने की क्षमता विकसित हो सकेगी। • एक-दूसरे के साथ सहयोग की भावना विकसित होगी। • आत्म-विश्वास की भावना विकसित हो पायेगी।

### Activity: फ्लैश कार्ड्स

• फ्लैश कार्ड्स पर बने चित्रों की पहचान कर शब्दों को पढ़ना व शब्दों व चित्रों का मिलान करना सीख सकेंगे। • फ्लैश कार्ड्स पर बने चित्रों से विभिन्न व्यवसायिक उपकरणों की बनावट व उनके नामों से परिचित हो पायेंगे। • फ्लैश कार्ड्स पर लिखी संख्याओं को पढ़ पायेंगे। • फ्लैश कार्ड्स पर लिखी संख्याओं से जमा-घटा करना सीखेंगे।

### Activity: वर्क शीट

• वर्क शीट में दिये गये प्रश्नों को पढ़ना सीख सकेंगे। • समय नियोजन करने की क्षमता विकसित हो सकेगी। • कार्य को सफाई से करने की आदत का विकास हो पायेगा।

# कथा मार्ग

NCERT

रिमझिम पेज न. 96-101
गणित का जादू पेज न. 124-126
सुपद एक्टीविटी

## सुनाओ

- कहानी अपने शब्दों में
- जानवर व पक्षियों की आवाजें निकालकर
- एक ही अक्षर से शुरु होने वाले बच्चों के नाम
- सब्जी व फूलों के नाम व गुण

## खेलो खेल

- नाम लिखो व गिनकर संख्या बताओ
- लगाओ जूते की दुकान

## पूछो

- कहानी से संबंधित प्रश्न
- तौलने व मापने वाले उपकरणों के नाम
- कठिन शब्दों के उच्चारण के तरीके
- गाँव और शहर में घर बनाने के तरीके

# कथा मार्ग

NCERT

रिमझिम पेज न. 96-101
गणित का जादू पेज न. 124-126
सुपद एक्टीविटी

## लिखो

- पेड़-पौधों व झाड़ी में अंतर
- मौसमी फल व सब्जियों की सूची
- अपने परिवार के सदस्य व दोस्तों के नाम
- दूसरों की मदद करने के तरीके
- अपने दोस्तों के जूतों के नम्बर

## देखो

- विभिन्न प्रकार के फल
- बाल बनाने के अलग-अलग तरीके
- छोटे-बड़े जूते व चप्पल
- आसपास लगे पेड़-पौधे व झाड़ियाँ

## सोचो

- पेड़-पौधों व पशु-पक्षियों के प्रति दया भाव रखना क्यों जरूरी है

# कथा मार्ग

NCERT

रिमझिम पेज नं॰ 96 – 101
गणित का जादू पेज नं॰ 124 – 126
सुपद एक्टीविटी

**Learning outcome :**

• पशु-पक्षियों व पेड़-पौधों के प्रति दया-भाव की भावना पैदा हो सकेगी। • बड़ों की आज्ञा पालन करने की आदत का विकास होगा। • नहा-धोकर साफ-सुथरे ढंग से रहने की आदत विकसित होगी। • अपने आस-पास आने वाली आवाजों को ध्यान से सुनने की आदतें विकसित हो पायेंगी। • फलों व सब्जियों के नाम तथा उनकी विशेषताओं को जान पायेंगे। • गाँव व शहर के घरों की बनावट तथा उनके रहन-सहन के बारे में जान सकेंगे। • तौल कर व गिनकर दिये जाने वाले फलों व सब्जियों के नाम जान सकेंगे। • जूते चप्पलों के तले पर लिखा नम्बर पढ़ना सीख सकेंगे।

**Key words :**

मेहँदी, झाड़ी, झोपड़ी, इकट्ठी, सन्नाटा, तौलिया, पुचकार, धड़धड़ाती, दीन केसवाली, काँटे, मरियल, घमंडी, सरसराहट, हुक्म।

**Milestones :**

## Activity : कहानी सुनना - सुनाना

• कहानी कहने और ध्यान से सुनने की कला का विकास होगा। • शब्दों के उच्चारण स्वर का उतार-चढ़ाव एवं हाव भाव व्यक्त करने की कला का विकास होगा। • शब्द कोश का विकास होगा। • आत्म विश्वास बढ़ेगा।

## Activity : खेल

• खेल के निर्देशों को ध्यान से सुनना व उनका पालन करना सीख सकेंगे। • एक दूसरे के साथ सहयोग करने की भावना का विकास होगा। • नेतृत्व की भावना का विकास होगा। • आत्म विश्वास की भावना विकसित होगी।

## Activity : नाम लिखो गिनकर संख्या बताओ

• नामों का स्पष्ट उच्चारण करना सीख सकेंगे। • शब्दों के उच्चारण को ध्यान में रखकर लिखना सीख सकेंगे। • अपने आस-पास के चीजों को गिनकर संख्या बता सकेंगे।

## Activity : मापन-यंत्र बनाना

• स्वयं करके सीखने का कौशल विकसित होगा। • मापने व नापने के यंत्रों में अंतर बता सकेंगे।

## Activity : मॉडल बनाना

• गाँव व शहरों के घरों की बनावट में अंतर जान सकेंगे। • बच्चों की क्रियात्मक तथा काल्पनिक शक्ति का विकास होगा। • बेकार पड़ी वस्तुओं का प्रयोग करके मॉडल बनाना सीख सकेंगे। • आपसी सहयोग की भावना विकसित होगी।

# कथा मार्ग

NCERT

रिमझिम पेज न. 102 - 104
गणित का जादू पेज न. 127 - 128
सुपद एक्टीविटी

## पूछो

- कहानी से संबंधित प्रश्न
- अपने घर के सदस्यों के जूतों का नाप
- अपने दोस्तों का मनपसंद रंग
- मेहँदी तैयार करने की विधि
- कठिन शब्दों के अर्थ

## खेलो खेल

- रंग बताओ समूह बनाओ

## करो दिखाओ

- अपनी हाथ का चित्र बनाकर
- मेंहदी के डिजाइन बनाकर
- संख्यात्मक नाम बनाकर
- पसंद नापसंद चीजों के नाम
- पत्तों व फूलों से रंग बनाकर
- हमारे शरीर में पानी की मात्रा

## पढ़ो - लिखो

- कहानी
- वनस्पतिक और रसायनिक रंगो के नाम व उनसे होने वाले लाभ व हानि
- कठिन शब्दों के अर्थ तथा उनका वाक्यों में प्रयोग
- पानी पीने के लाभ
- द्रव्यों को नापने के पैमानो के नाम
- अपने जूते व चप्पल का नंबर

# कथा मार्ग

NCERT

रिमझिम पेज न. 102-104
गणित का जादू पेज न. 127-128
सुपद एक्टीविटी

## Learning outcome:

- वस्तुओं पर लिखी संख्याओं को पढ़ना व लिखना सीख सकेंगे। • अपने जूते व चप्पलों का नाप बता सकेंगे। • पानी पीने के लाभ जान पायेंगे। • रासायीनक व प्राकृतिक रंगो में अंतर करना सीख पायेंगे। • प्राकृतिक रंगो को बनाकर उनका चित्रों में प्रयोग करना सीख सकेंगे। • कठिन शब्दों के अर्थ जानकर उनका वाक्यों में प्रयोग करना सीख सकेंगे। • डिजाइन बनाने के अलग - अलग तरीके जान सकेंगे। • द्रव्यों को नापने के पैमानों के नाम जान पायेंगे। • अपनी पंसद नापसंद चीजों के नाम की सूची बना सकेंगे।

## Key words:

झाड़ी, मुरझाना, गाढ़ा, फीका, हथेली, सन्नाटा, फुर्सत, मरियल, डिजाइन, सरपट, पसंदीदा।

## Milestones:

### Activity: पर्ची गेम

- पर्ची पर लिखी संख्याओं, रंगो व कठिन शब्दों के अर्थ तथा वाक्यों को पढ़ना सीख सकेंगे।
- निश्चित समय में पर्ची में लिखे प्रश्नों के उत्तर दे पायेंगे • टीम भावना का विकास होगा।
- नेतृत्व करने का कौशल विकसित होगा। • आत्म विश्वास बढ़ेगा।

### Activity: तालिका बनाना

- रंगो व नम्बरों को पढ़कर लिखने का कौशल विकसित होगा। • नाम व क्रियात्मक शब्दों को पढ़ना सीखेंगे व उनमें अंतर समझ सकेंगे। • अपनी पंसद नापसंद चीजों की तालिका बना सकेंगे।

### Activity: प्रयोग

- स्वंय करके सीख सकेंगे। • कपड़ो के नाम स्वंय लेना सीख सकेंगे। • डिजाइन बनाना सीख पायेंगे। • हमारे शरीर के लिये ज्यादा पानी पीने के महत्व को जान पायेंगे।

### Activity: Quiz Game

- प्रश्नों को ध्यान से सुनकर उनका सही विकल्प चुनने का कौशल विकसित होगा। • आपसी सहयोग की भावना विकसित होगी। • नियोजित समय में प्रश्नों के उत्तर देने का कौशल विकसित होगा। • अपनी बारी का इंतजार करने की आदत विकसित होगी।

### Activity: ड्राइंग

- नये - नये तरीके के मेहंदी के डिजाइन बनाने का हुनर विकसित होगा। • विभिन्न रंगो की पहचान कर के उन्हें चित्रों में भरना सीख सकेंगे। • रंगो का खूबसूरत ढंग से मिलान करना सीख सकेंगे। • काल्पनिक क्षमता का विकास होगा।

इस पाठ्यक्रम की संकल्पना कथा की संस्थापक व निदेशक **गीता धर्मराजन** द्वारा की गई है।

**गीता धर्मराजन** बच्चों के लिए कहानियाँ लिखना पसंद करती हैं। वह *टारगेट* पत्रिका और पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय की पत्रिका *पेन्सिलवेनिया गज़ेट* की संपादक भी रह चुकी हैं। साहित्य एवं शिक्षा में किये गये इनके अद्वितीय योगदान के लिए इन्हें सन् 2012 में राष्ट्रीय सम्मान पद्मश्री से सम्मानित किया गया है।

## OTHER CONTRIBUTORS

**Parvinder Kaur** Executive Director, Katha

**Reeta Sutradhar** Director of Schools, Katha

**Deepti Kakkar**
Academic Head, School Quality Enhancement Programme

**Kamaljeet Kaur**
Hindi teacher

**Kamal Tankha**
Academic Head, I Love Reading programme, Noida

**Manjushri Thakuri**
former Assistant Principal, Katha Lab School

**Mujtaba Aijaz**
Coordinator, I Love Reading programme

**Omprakash Roy**
former Vice Principal, Katha Lab School

**Premlata Bharadwaj**
Academic Head, Junior Section, Katha Lab School

**Saraswati**
former Vice Principal, Primary School, Katha Lab School

**Sarvesh Kumari** senior educator

**Savita Arora**
Academic Head, Senior School, Katha Lab School

**Shailendra Kaur** Academic Head, Noida

**Sushila Shah** Academic Head, Gurugram

**Poonam Joshi** Designer

**The team at Kathakaar, Katha's publishing division**

पहला हिन्दी संस्करण 2019


कृति स्वामित्व © कथा, 2019
मौलिक लेखन कृति स्वामित्व © कथा
मौलिक चित्रांकन कृति स्वामित्व © कथा
स्वत्वाधिकार सुरक्षित। प्रकाशक की आज्ञा के बिना इस किताब के किसी भी भाग को छापना अथवा अन्य किसी पुनः प्रयोग विधि के रूप में प्रतिकृति या इस्तेमाल वर्जित है।

नई दिल्ली में मुद्रित
ISBN 978-93-88284-23-3

**हमारा लक्ष्यः** हर बच्चा आनंद और अर्थवत्ता के लिए पढ़े।
कथा एक पंजीकत अलाभकारी संस्था है जिसका स्थापन 1988 में किया गया था। कथा शिक्षा और साहित्य के क्षेत्र में काम करती है। कथा का मुख्य उद्देश्य है बच्चों और बड़ों में पढ़ने में रुचि एवं इससे मिलती खुशी को बढ़ावा देना। कथा 1,00,000 से भी अधिक बच्चों के साथ काम करती है ताकि वे मज़े के लिए और कक्षा स्तर पर पढ़ सकें।

ए–3 सर्वोदय एनक्लेव, श्री औरोबिन्दो मार्ग, नई दिल्ली–110017
दूरभाषः 4141 6600 . 4141 6624 . 4182 9998
ई–मेलः marketing@katha.org . वेबसाइटः www.books.katha.org

कथा नियमित रूप से पेड़ लगाती है उस लकड़ी के बदले, जिससे हमारी किताबों को छापने का कागज़ बनता है।



## कथा एवं स्टोरीपेडागॉजी™ के बारे में



1988 में स्थापित कथा एक स्वैछिक लाभकारी संस्था है, जो शिक्षा, प्रकाशन व सामुदायिक विकास के क्षेत्रों में 1,00,000 से अधिक बच्चों की सहभागिता में कार्य करती है।

संस्थापक व निदेशक गीता धर्मराजन द्वारा निर्मित एवं विकसित कथा का अनूठा पाठ्यक्रम स्टोरीपेडागॉजी™ 'कहानी' के मूल भाव पर आधारित है और 1992 से कथा के अध्ययन केन्द्रों में उपयोग किया जाता रहा है। स्टोरीपेडागॉजी™ के आदर्श भारत की पौराणिक कथावाचन शैली व 2000 वर्ष पुराने ग्रंथ भरतमुनि के नाट्यशास्त्र पर आधारित हैं।

कहानियों के कारण आसानी से बनने वाला मज़ेदार वातावरण बच्चों को सहज रूप से सघन विचारों, सवाल पूछने, विमर्श करने एवं उत्तर ढूँढने की दिशा में प्रेरित करता है। स्टोरीपेडागॉजी™ क्रियाशीलता को भी बढ़ावा देता है ताकि बच्चे कक्षा में अर्जित ज्ञान को प्रत्यक्ष रूप से अपने समुदायों में लागू कर सकें। इस मॉडल की अहम कड़ी वह अध्यापक हैं जो 'करिकुलम फॉर लाइफ' के ज़रिये बच्चों को उत्तरदायी एवं ज़िम्मेदार नागरिक बनाने की दिशा में उनका मार्गदर्शन करते हैं।

### प्रत्यक्ष पाठ्यक्रम:

पारंपरिक विषय अध्ययन पर केन्द्रित; अध्यापकों को मानसिक रूप से उत्कृष्टता एवं विशिष्ट क्षमताओं का प्रोत्साहनकर्ता बनाने में सहायक।

### अप्रत्यक्ष पाठ्यक्रम:

सांस्कृतिक, सामाजिक एवं लैंगिक धारणाओं के साथ–साथ वातावरण से संबंधित विचारों की समझ बनाने में सहायक; इन विषयों को संबोधित करने में छात्रों के लिए मददगार।

कक्षाओं में संबंधित नई पद्धति एवं मनोरंजन से भरपूर गतिविधियां कल के निर्णयकर्ता बनाने के लिए बेहतर चरित्र और विवेचनात्मक सोच का निर्माण करती हैं।

हमारी उत्कृष्ट एवं संपन्न ई–पुस्तकें व अन्य अध्यापन–अध्ययन संसाधन www.padhopyarse.net पर उपलब्ध हैं।
www.books.katha.org पर हमारी पुस्तकें भी खरीदी जा सकती हैं।

'कथा मार्ग' कथा द्वारा बनाया गया एक विशेष एकीकृत मॉड्यूल है जो NCERT के पाठ्यक्रम को ध्यान में रखकर बनाया गया है। कथा ने विशेष प्रयास द्वारा पहली कक्षा से पाँचवीं कक्षा तक के छात्रों हेतु उपयोगी इन मॉड्यूलों को तैयार किया है। इसके द्वारा पाठों को सुगम एवं सरल तरीके से सँवारा गया है ताकि शिक्षण को मजेदार बनाया जा सके और बच्चे स्कूल एवं पढ़ाई के साथ जुड़े रहें।

अधिकांशतः देखा गया है कि हमारी शिक्षा सिर्फ किताबों तक ही सीमित रह जाती है। कथा का प्रयास है कि यह दायरे खुलें और शिक्षा मात्र किताबों तक न बंधी रहे। यह मॉड्यूल पाठ्यक्रम के साथ–साथ बच्चों के निजी जीवन के लिए आवश्यक सामाजिक, व्यक्तिगत, बौद्धिक, सांस्कृतिक और पर्यावर्णीय कौशल (Social, Personal, Intellectual, Cultural & Environmental skills) विकसित करने में भी सक्षम है। हम आशा करते हैं कि कथा का यह विशेष प्रयास अध्यापकों एवं छात्रों के लिए मददगार साबित होगा।

for teachers
a katha book
ISBN 978-93-88284-23-3
www.katha.org